Title: Need to provide special economic package to Bihar for all round development of the State.

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव (पूर्णिया) : सभापति महोदय, आज पूरा बिहार बाढ़-सुखाड़ की चपेट में है। सरकारी कर्मचारियों को वेतन मिलना बन्द हो गया है। सभी उद्योग बन्द हो चुके हैं। मजदूरों की माली हालत दयनीय हो चुकी है। आज बिहार में विकास की जरूरत है।

अतः मैं चाहूंगा कि बिहार राज्य को विशे आर्थिक पैकेज और विशे राज्य का दर्जा निम्न मुद्दों पर

दिया जायेः-

1. बिहार में कृि उत्पादन बढ़ाने हेतु बाढ़-सुखाड़ के स्थाई निदान के लिए।
2. बन्द या रुग्ण सभी उद्योगों को चालू करने या नया उद्योग स्थापित करने के लिए।
3. बेरोजगार युवकों को रोजगार की गारंटी या विशे भत्ते के लिए।
4. यातायात और बिजली तथा अन्य के उत्पादन के लिए।
5. शिक्षा नीति को व्यापक बनाने के लिए।
6. निरीह पीड़ितों, बाल कल्याण, महिला कल्याण एवं विकलांगों की सुविधा के लिए।
7. सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा बदलाव के लिए।
8. किसानों के गन्ने एवं मजदूरों के वेतन भुगतान के लिए।
9. डालमिया नगर फैक्ट्री, समुह सहरसा एवं दरभंगा के पेपर मिल, कटिहार जूट मिल, भागलपुर एवं गया के सिल्क मिल, बिहार के सभी चीनी मिलों को चालू करने के लिए।